**Fourteenth Loksabha**

**Session : 6**
**Date : 14-12-2005**

**Participants : Argal Shri Ashok**

an>

Title : Regarding need to expedite construction of a bridge on river Chambal at Server Ghat linking Madhya Pradesh and Rajasthan.

**श्री अशोक अर्गल (मुरैना)** : अध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान को जोडने हेतु चम्बल नदी के सेवर घाट पर पुल का कार्य शुरू किया गया था। उक्त पुल का निर्माण 50 प्रतिशत किया जा चुका है तथा मेरे संसदीय क्षेत्र मुरैना की तरफ अधूरा छोड़ दिया गया है।

मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि वह इस तथ्य की जांच कराये कि उक्त पुल की स्वीकृति होने के बाद काम को अधूरा क्यों छोड़ा गया क्योंकि करोड़ों रूपये खर्च करने के बाद भी जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिला है। अभी हाल में उक्त पुल के पास चम्बल नदी में नाव डूबने से 13 व्यक्तियों की जान भी गयी।

मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि सरकार इसकी जांच कराये कि उक्त पुल के अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा कराया जाये।